## चाचा-भतीजे को एम्बुलेंस ने मारी टक्कर, दो घायल, गाड़ी छोड़कर भागा ड्राइवर




शिवपुरी ।कोलारस थाना क्षेत्र के पड़ोरा चौराहे पर एक तेज रफ्तार एम्बुलेंस ने बाइक सवार चाचा-भतीजे को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में नवीन कुशवाह उम्र 26 वर्ष और उनके भतीजे सागर कुशवाह (15) घायल हो गए। नरवर थाना क्षेत्र निवासी मुकेश कुशवाह के अनुसार, उनका भाई और भतीजा कोलारस में रिश्तेदार की कावड़ चढ़वाने आए थे। कार्यक्रम के बाद दोनों बाइक से नरवर लौट रहे थे। पड़ोरा चौराहा पहुंचने पर पीछे से आ रही एम्बुलेंस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक पास खड़े एक तीन पहिया वाहन से जा टकराई। इस दुर्घटना में एक दिव्यांग व्यक्ति को भी मामूली चोटें आईं। हादसे के बाद एम्बुलेंस चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने चालक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वो भाग निकला। घायल चाचा-भतीजे को भाजपा नेता भूपेंद्र रावत ने अपनी कार से जिला अस्पताल शिवपुरी पहुंचाया। वर्तमान में दोनों का अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने एम्बुलेंस को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश कर रही है।

## हर बच्चे का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता : नप वर्मा



### कृष्णगंज आंगनबाड़ी केंद्र से दस्तक अभियान का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 24 जुलाई।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषिश्वर के निर्देश पर मंगलवार को दस्तक अभियान की शुरुआत नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रश्मि नेपाल वर्मा द्वारा कृष्णगंज आंगनबाड़ी केंद्र पर विटामिन-ए की खुराक पिलाकर की गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा, हर बच्चे का स्वास्थ्य और पोषण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। दस्तक अभियान के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कोई भी बच्चा जरूरी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे।

शुभारंभ कार्यक्रम में खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सीडीपीओ, बीईई और महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर उपस्थित रहीं। दस्तक अभियान भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाना है। इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों की जांच करते हैं और उन्हें विटामिन ए, ओआरएस घोल, जिंक की गोलियां जैसी आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराते हैं। अभियान के तहत गंभीर रूप से बीमार या कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें प्राथमिक उपचार दिया जाता है या फिर ज़रूरत पडने़ पर अस्पताल में भर्ती भी कराया जाता है। श्रीमती रश्मि वर्मा ने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे दस्तक अभियान में सहयोग करें और अपने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उन्हें समय पर जरूरी दवाएं दिलवाएं।

## तालाब में डूबने से 8 वर्षीय बालक की मौत

शिवपुरी। कोतवाली थानान्तर्गत आने वाली बड़ी नोहरीकला क्षेत्र में गुरुवार सुबह 8 साल के बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बालक शौच करने गया था, इसी दौरान हादसा हो गया। मृतक की पहचान रितिक आदिवासी के रूप में हुई है। वह राजेन्द्र आदिवासी का बेटा था। जानकारी के मुताबिक, रितिक सुबह अपने पड़ोसी दोस्त के साथ शौच के लिए तालाब पर गया था। वहीं उसका पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। साथ गया बच्चा तुरंत गांव लौटकर ग्रामीणों को लेकर आया। ग्रामीणों ने तालाब में उतरकर रितिक को बाहर निकाला और परिजन उसे मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है।

## निषादराज प्रतिभा सम्मान समारोह 27 को, छात्र किए जाएंगे सम्मानित



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 24 जुलाई।** मांझी समाज शिवपुरी द्वारा 27 जुलाई को परिणय वाटिका में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा, जिसमें जिले के मैट्रिक व इंटर के मेधावी छात्रों और खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथम शामिल होंगे।

युवा समाजसेवी पवन बाथम और हनी बाथम द्वारा बताया गया कि आगामी 27 जुलाई दिन रविवार को निषादराज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर जिले के मैट्रिक और इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं और राष्ट्रीय स्तर एवं राज्य स्तर पर शामिल खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह का आयोजन स्थानीय परिणय वाटिका में 11:00 बजे पूर्वाह्न से किया जाएगा। इसके लिए समाज के सभी छात्र/छात्राओं और खिलाड़ियों को आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर समाज के छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों और अभिभावकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। मांझी समाज के द्वारा निषादराज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाता है. इससे एक तरफ जहां बच्चे सम्मान पाकर गौरवान्वित महसूस करते हैं, वहीं दूसरी तरफ भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित होते हैं. उनमें एक नई ऊर्जा का संचार होता है।

### कोच और शिक्षक भी होंगे सम्मानित

छात्र छात्राओं के साथ-साथ उनके कोच और शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा समारोह में शामिल होने वाले अतिथियों के द्वारा भी बच्चों को करियर संबंधित परामर्श दिए जाते हैं। इससे छात्र-छात्राओं को अपने भविष्य की रणनीति बनाने में सुविधा होती है। प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिलाअध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त राजू बाथम भी इस अवसर पर बच्चों को प्रेरित करेंगे।

## बेटी के साथ हो रहे अत्याचार का माँ ने किया विरोध तो दामाद ने लाठी-डंडे से पीटा, अस्पताल में भर्ती

शिवपुरी। देहात थाना क्षेत्रान्तर्गत पुरानी शिवपुरी महलसराय में अपनी प्रताड़ित बेटी का पक्ष लेना एक मां को भारी पड़ गया। जब उसने बेटी के साथ हो रही मारपीट और अत्याचार का विरोध किया तो दामाद ने सास पर ही लाठी-डंडे से हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। यहां रहने वाली गुड्डी आदिवासी पत्नी किशन आदिवासी ने बताया कि उसका दामाद अभिषेक आदिवासी नशे का आदी है। नशे की हालत में वह आए दिन उसकी बेटी के साथ मारपीट करता और प्रताड़ित करता था। जब गुड्डी ने इसका विरोध किया तो अभिषेक ने उस पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। हमले में गुड्डी के सिर में गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। वहीं, देहात थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महिला के साथ की मारपीट, मामला दर्ज

**श्योपुर।** विजयपुर थाना क्षेत्र के किला मोहल्ला में रंजिश के चलते झगडा हो गया, इस झगडे में आरोपी ने बुजुर्ग महिला की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किला मोहल्ला निवासी 69 वर्षीय प्रेमवती बाई जाटव व दशरथ जाटव के बीच 22 जुलाई की शाम 7 बजे झगडा हो गया है।

## ग्रामीण क्षेत्रों तक हर घर जल पहुंचाने के निर्देश



### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 24 जुलाई।** जल जीवन मिशन के तहत गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन (डीडब्ल्यूएसएम) की बैठक आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जल प्रदाय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन, करैरा विधायक रमेश खटीक, पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह, कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन सहित पीएचई और जल निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री चौधरी ने बैठक में पीएचई द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए कि ऐसे ग्रामीण क्षेत्र जिनमें ऐसी पूर्ण योजनाएं जो बिजली विभाग के टांसफार्मर के न होने से अथवा विद्युत कनेक्शन के न होने के कारण प्रभावित हो रही है, उनका चिन्हांकन करें।आगामी 15 दिवस में विद्युत विभाग से समन्वय कर क्रियाशील किए जाने की कार्यवाही करें। बैठक में विधानसभावार योजना की प्रगति पर चर्चा करते हुए विधायकगणों ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इसमें जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम द्वारा काम जारी है। अधिकारी इस काम को गंभीरता से लेकर समय सीमा में पूरा करें। जल जीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जो भी कार्य किए जा रहे है, बैठक में उन कार्यों को पूर्ण किए जाने के लिए जो भी तिथियां निर्धारित की गई है, उन तिथियों में ही कार्य पूर्ण हो। जिले में 536 ग्राम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा काम किया जा रहा है और 716 पर जल निगम द्वारा काम होना है। बैठक में समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए हैं कि विकासखंडवार कितनी योजनाएं अभी तक पूर्ण हुई है और गांव में घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा है इसकी जानकारी संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को दी जाए। इसके अलावा टीम के माध्यम से जानकारी ली जाए कि योजनाओं के तहत हर घर नल से जल पहुंच रहा है। जल निगम द्वारा मड़ीखेड़ा समूह जलप्रदाय योजना, बसई, महुअर समूह जल प्रदाय योजना पर जिले में काम किया जा रहा है। मड़ीखेड़ा समूह जल प्रदाय योजना के बारे में जानकारी देते हुए जल निगम के महाप्रबंधक ने बताया कि इंटेकवेल से टीटमेंट प्लांट तक पानी लाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, टेस्टिंग करना अभी वाकी है। इसमें पाइप लाइन का काम जारी है और आगामी नवम्वर तक काम पूरा किया जाएगा।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सर्किल जेल शिवपुरी में वृहद वृक्षारोपण

हरियाली अमावस्या पर पर्यावरण संरक्षण की मिसाल, 100 से अधिक पौधे रोपे गए



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 24 जुलाई।** हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सर्किल जेल शिवपुरी परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली संवर्धन की दिशा में यह एक प्रेरणादायी पहल रही।

इस अवसर पर अपना घर आश्रम के संचालक रमेश चंद्र अग्रवाल, जेल अधीक्षक आर.सी. आर्य, उप अधीक्षक आर.एस. पाण्डेय, समस्त जेल स्टाफ, व्यक्तित्व परिष्कार शिविर के प्रतिनिधि डॉ. पी.के. खरे (जिला समन्वयक), शम्भू दयाल पाठक सहित अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत पीपल, बरगद, नीम, जामुन, गुलमोहर, शीशम, अमलतास, कनेर, सहजन आदि प्रजातियों के लगभग 100 पौधे लगाए गए। वृक्षारोपण कार्य वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शांतिपूर्ण एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। जेल अधीक्षक आर.सी. आर्य द्वारा समस्त स्टाफ को वृक्षों की देखरेख व संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई, जिससे इन पौधों की सुरक्षा व संवर्धन सुनिश्चित किया जा सके। यह आयोजन समाज को पर्यावरण जागरूकता एवं हरियाली के प्रति उत्तरदायित्व का संदेश देने वाला एक अनुकरणीय उदाहरण बना।

## घायल बालिका की इलाज के दौरान मौत

**श्योपुर ।**आकाशीय बिजली गिरने से घायल हुए बालिका की इला के दौरान शिवपुरी मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। मर्ग कायम डायरी आने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मगरदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कदवई निवासी 10 वर्षीय बालिका नीशा उर्फ भूरू पुत्र कमल सिंह आदिवासी 13 जून को खेत पर कुछ काम कर रही थी, तभी उसके उपर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बालिका को इलाज के लिए शिवपुरी अस्पताल में ले जाया गया जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मगरदा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## आपदा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 24 जुलाई।** जिलाधीश अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में आपदा प्रबंधन संस्थान, भोपाल के तकनीकी सहयोग से एविटास फाउंडेशन एवं शिक्षा विभाग श्योपुर द्वारा ग्राम मानपुर स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय विद्यालय स्तरीय आपदा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सक्षम परियोजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को प्राकृतिक आपदाओं एवं मौसमी बीमारियों से सुरक्षा हेतु व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुबेदार सिंह सिकरवार, एविटास फाउंडेशन के कार्यक्रम अधिकारी नीरज भार्गव आदि उपस्थित थे।

### हार्ट अटैक आने से भृत्य की मौत

श्योपुर ।उद्योग विभाग में पदस्थ भृत्य बुधवार को घर से ऑफिस जाने के लिए निकले थे, तभी रास्ते में अचानक सीने दर्द उठा और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृक के शव का पीएम कराकर परिजन को सौंप दिया साथ ही मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रेट के पीछे निवासी 55 वर्षीय भागीरथ पुत्र सुखलाल आदिवासी उद्योग विभाग में भृत्य के पद पर कार्यरत हैं। बुधवार की सुबह 10 बजे आफिस जाने के लिए बाइक लेकर घर से निकला था, तभी रास्ते में वीर सावरकर स्टेडियम के आगे उसके सीने में दर्द उठा। भागीरथ ने बेटे लोकेश को फोन कर सूचना दी। लोकेश तुरंत मौके पर पहुंचा और पिता को इलाज के लिए अस्पताल ले गया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। भृत्य की मौत साइलेंट अैटक आने से होना मानी जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मृतक के बेटे लोकेश की शिकायत पर मर्ग कायम कर लिया है।

## विशेष लोक अभियोजक व पुलिस टीम को किया सम्मानित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 24 जुलाई।** कातिल बेटे कों जिला कोर्ट से फांसी दिलाने पर जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी ने कोतवाली पुलिस को किया सम्मानित, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने माला पहनाकर किया सम्मान, विशेष लोक अभियोजक कों भी किया सम्मानित, रिकॉर्ड टाइम केस मे फैसला दिलाने पर किया सम्मानित, कोतवाली पुलिस टीम कों पुरुस्कार देकर किया सम्मानित। इस अवसर पर एसडीओपी राजीव कुमार गुप्ता भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

### अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**श्योपुर।** विभिन्न थानों की पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, पुलिस ने इनके कब्जे से 5 हजार रुपये की अवैध शराब जब्त की है। कार्रवाई के दौरान अगरा थाना पुलिस ने शिवकांत पुत्र रामसिंह कुशवाह निवासी पैरा कुशवाह को जाटव वाली रोड पर रखी गुमठी में शराब बेचते पकड़ा।

## वेस्ट मटेरियल कार्यक्रम का आयोजन किया गया

दतिया। जन शिक्षण संस्थान,दतिया में कौशल युवा दिवस एवं स्वच्छता पखवाड़े के तहत वेस्ट मटेरियल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षार्थियों के द्वारा वेस्ट मटेरियल से बनाया गया सुंदर सज-सज्जा का सामान इस पहल का उद्देश्य कचरे का पुन: उपयोग कर रचनात्मकता को बढ़ावा देना और लोगों में जागरुकता फैलाना था। कार्यक्रम में प्लास्टिक की बोतलें, पुराने अखबार, टूटे खिलौने, सीडी, डिब्बे और बेकार कपड़ों का उपयोग कर आकर्षक वस्तुएं बनाई गई।

## दतिया में ज्योति स्नान पर्व पर यात्रा

**दतिया।** ज्योति स्नान पर्व को लेकर सिंधी समाज की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। मध्यप्रदेश के दतिया में सिंधी समाज के सबसे बड़े ज्योति स्नान महोत्सव के तहत बुधवार देर शाम सिंधी समाज की 501 महिलाओं ने बहराणा साहिब यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल सभी महिलाएं सिर पर थाल रखकर दीप चल रही थीं। थाल के अंदर जलता हुआ दीपक, धूप बत्ती, फल, फूल समेत समूची पूजन सामग्री रखकर चलीं। सबसे आगे संत लालदास चकरभाटा चल रहे थे। यात्रा गाड़ीखाना स्थित ज्योति मंदिर से प्रारंभ हुई और वहां से किलाचौक पहुंची। किलाचौक से पटवा तिराहा होते हुए, तलैया मोहल्ला, जनानी अस्पताल होते हुए लाला के ताल पर पहुंची। यहां सिंधी समाज के संत लालदास जी ने पूजन कराया।

## बैरिकेडिंग के बाद भी दो पहिया वाहनों की उल्टी साइड आवाजाही

स्कूली बच्चों से भरी ओवरलोड टेक्सी पर कार्यवाही



**नवभारत न्यूज**
**दतिया,24जुलाई।** यातायात पुलिस ने जाम से निजात पाने राजगढ़ चौराहा पर बैरिकेडिंग के बाद भी दो पहिया वाहनों की उल्टी साइड आवाजाही से राजगढ़ चौराहा पर बैरिकेडिंग कर दी है है इस कारण से लोगों को चक्कर लगाना पड़ रहा है शहर वासी चक्कर से बचाने के लिए गलत दिशा में वाहन ले जा रहे हैं जिससे जाम की समस्या यथावाद उत्पन्न हो जाती है, दोनों ओर से बेरोकटोक आप बिना किसी भय के वाहन चालक रोड पर गलत दिशा में जा रहे हैं जिससे नई यातायात व्यवस्था बिगड रही हैं। जिम्मेदारों की लापरवाही से यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त नजर आ रही है। ट्रैफिक प्रभारी सपना शर्मा ने संभाला मोर्चा रोंग साइड जाने वालों पर चालानी कार्रवाई।

राजगढ़ चौराहे पर ट्रैफिक को की गई एल सेव व्यवस्था को लेकर कार्यवाहियां की जा रही इस दौरान कई रसूखदार को रोंग साइड जाने पर ट्राफिक प्रभारी द्वारा नियम का पालन करने को रोका। वही स्थानीय लोग ट्राफिक प्रभारी के कार्य की सराहना करते हुए कह रहे हैं चौराहे पर एल सेव होने से, आये दिन होते एक्सीडेंट और जाम की परेशानी अब खत्म सी हो गई है। उन्होंने स्कूली बच्चो से भरी ओबेरलोड टेक्सी पर ट्रैफिक पर दी की कार्यवाही टेक्सी चालक मौके पर सम्बंधित कागजात भी नही दिखा सका तो अग्रिम कार्यवाही तक के लिए टेक्सी ट्रैफिकथाने में रखवाई राजगढ़ चौराहे पर ट्रैफिक को की गई एल सेव व्यवस्था को लेकर ट्रैफिक द्वारा कार्यवाहियां की जा रही इस दौरान कई रसूखदार को रोंग साइड जाने पर ट्राफिक प्रभारी द्वारा नियम का पालन करने को रोका। वही स्थानीय लोग कार्य की सराहना करते हुए कह रहे हैं चौराहे पर एल सेव होने से, आये दिन होते एक्सीडेंट और जाम की परेशानी अब खत्म सी हो गई है।

## कृष्ण-सुदामा मिलन भक्त व भगवान का मिलन है : पाठक



**नवभारत न्यूज**
**दतिया,24जुलाई।** मेरे भक्त जिसके पास प्रेम धन है वह निर्धन नहीं हो सकता। कृष्ण और सुदामा दो मित्र का मिलन ही नहीं जीव व ईश्वर तथा भक्त और भगवान का मिलन था। जिसे देखने वाले अचंभित रह गए थे। आज मनुष्य को ऐसा ही आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। कृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता आज कहां है। यही कारण है कि आज भी सच्ची मित्रता के लिए कृष्ण-सुदामा की मित्रता का उदाहरण दिया जाता है उक्त बात गोविन्द जी मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्री श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण के अंतिम दिवस के अवसर पर कथावाचक आचार्य सिद्धशरण पाठक ने भक्तजनों के बीच कही। उन्होंने बताया कि कैसे सुदामा से परमात्मा ने मित्रता का धर्म निभाया। राजा के मित्र राजा होते हैं रंक नहीं, पर परमात्मा ने कहा कि द्वारपाल के मुख से पूछत दीनदयाल के धाम, बतावत आपन नाम सुदामा, सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने पहुंच गए। लोग समझ नहीं पाए कि आखिर सुदामा में क्या खासियत है कि भगवान खुद ही उनके स्वागत में दौड़ पड़े। श्रीकृष्ण ने स्वयं सिंहासन पर बैठाकर सुदामा के पांव पखारे। कृष्ण-सुदामा चरित्र प्रसंग पर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के पश्चात भगवान श्रीकृष्ण की महाआरती कथा पारिक्षित श्रीमती सुमन, नवल यादव कक्का द्वारा की गई।